तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 1 नवंबर 2025

[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती]

4 राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई गई सरदार पटेल ...



## खबर संक्षेप

### किसानों के लिए आफत बनी बेमौसम बारिश : खेतों में खराब होने लगी धान की फसल

**जांजगीर-चांपा।** जिले में बेमौसम बारिश किसानों के लिए आफत बन गई है। लगातार हो रही बारिश से कई खेतों में पानी भर गया है. इसके चलते धान की कटाई के बाद खेतों में रखी फसल सड़ने लगी है। किसानों ने सरकार से बर्बाद हुए फसलों की मुआवजा देने की मांग की है। इस बार लगातार बारिश होने के कारण लोगों को काफी हानि भी पहुंचा हैं. हाल ही के महीना आखिरी माह तक बारिश होने के कारण लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया था। दूसरे दिन से ही मौसम ने करवट ले ली एवं बूंदाबांदी बारिश शुरू हो गई थी। इधर मौसम परिवर्तन के चलते इसका असर धान की फसलों पर पड़ा है। हालांकि किसानों ने फसल मुआवजा देने की मांग की है।

### नाबालिग बालिका से अनाचार करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ अनाचार करने के आरोपी को अकलतरा पुलिस के द्वारा महासमुंद से गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में अकलतरा पुलिस से यह जानकारी मिली किएक नाबालिग बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में 30 जनवरी को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। सायबर तकनीकी के माध्यम से अपहता को आरोपी के कब्जे से झलप पचरी महासमुंद तरफ से बरामद किया गया। आरोपी लोकेश धृतलहरे उम्र 21 वर्ष निवासी झलप पचरी जिला महासमुंद को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाकर उसके साथ जबरन अनाचार करना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को धारा 137 (2),64 (2 )बीएनएस 4,6 पाक्सो अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

### शीघ्र सड़क निर्माण नहीं करने पर होगा आन्दोलन

**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद के द्वारा मस्जिद रोड में सड़क निर्माण के लिए निविदा कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद भी सड़क निर्माण नहीं किए जाने से आक्रोशित वार्ड एवं नगर वासियों के द्वारा शीघ्र मस्जिद रोड में सड़क निर्माण नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है। मस्जिद रोड निर्माण के लिए नगर विकास समिति 2024 ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी सहित अनेक बार एसडीएम तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया जा चुका है। जिसके परिणाम स्वरूप 5 नवंबर 2024 को नगर पालिका परिषद के द्वारा सड़क निर्माण के लिए निविदा निकाल कर ठेकेदार को वर्क आर्डर दिया जा चुका है लेकिन नगर पालिका की उदासीनता के चलते सारी प्रक्रिया होने के बाद करीब 10 माहके पश्चात भी आज तक सड़क निर्माण नहीं हो सका है। समिति के सदस्यों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए प्रथम चरण में जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर निर्धारित समय अवधि के अंदर सड़क निर्माण प्रारंभ करने की मांग की जाएगी। निर्धारित अवधि में सड़क निर्माण प्रारंभ नहीं होने पर धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा

### तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस मनेगा 2 से 4 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में 2 से 4 नवंबर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की उपलब्धियों, योजनाओं एवं परियोजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# अतिशेष शिक्षकों में हड़कंप, कार्यभार ग्रहण न करने पर बर्खास्तगी का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

## आधा सैकडा से अधिक शिक्षको को 3 नवंबर तक कार्यभार ग्रहण करने निर्देश

शासन के आदेशानुसार चले युक्तियुक्त कारण की प्रक्रिया में चार महीने बीत जाने के बाद भी जिन अतिशेष शिक्षकों ने अब तक अपने नए पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, उनके खिलाफ अब शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ऐसे 27 शिक्षकों को बर्खास्तगी का नोटिस जारी किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, जिले में अब भी लगभग आधा सैकड़ा अतिशेष शिक्षक जिनमें 15 उच्च वर्ग शिक्षक और 27 सहायक शिक्षक शामिल हैं। इन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इनमें से सहायक शिक्षकों को जिले से नोटिस जारी किया गया है, जबकि उच्च वर्ग शिक्षकों को संभागीय स्तर से और व्याख्याताओं को राज्य स्तर से नोटिस जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। जारी नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जिन शिक्षकों ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, वे तीन दिवस के भीतर, अर्थात 3 नवंबर तक, अपने-अपने पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें, अन्यथा उनके खिलाफ सेवा से पृथक करने (बर्खास्तगी) की कार्रवाई की जाएगी। इधर, नोटिस जारी होते ही अतिशेष शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। शुक्रवार, 31 अक्टूबर को कई शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे और अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखी। शिक्षकों का कहना है कि युक्तियुक्त कारण की प्रक्रिया में कई विसंगतियाँ थीं, जिनके निराकरण के लिए उन्होंने पहले ही शिकायतें की थीं और कुछ मामलों में न्यायालय की शरण भी ली गई थी। ज्ञात हो कि युक्तियुक्त कारण की प्रक्रिया जून माह में प्रारंभ हुई थी, जिसके बाद जिला और संभागीय स्तर पर शिकायतों के निराकरण का दौर चलता रहा। न्यायालय ने भी शिक्षा विभाग को विशेष समिति गठित कर शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए थे। अब जब अधिकांश मामलों में निराकरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, तो भी कई शिक्षकों द्वारा कार्यभार ग्रहण न किए जाने की स्थिति में विभाग ने कठोर कदम उठाते हुए बर्खास्तगी की चेतावनी दी है।



### दिए है नोटिस

युक्तियुक्त करण में जो भी शिकायतें थीं, सभी का निराकरण हो गया है। अब सभी को कार्यभार ग्रहण करना है। इतने दिनों से कार्यभार ग्रहण नहीं करने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है, कई एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन शालाओं में पढ़ाई ठप है। इस तरह की स्थिति को देखते हुए शासन से मिले आदेश के परिपालन में नोटिस जारी किया गया है। 3 नवंबर तक सभी को कार्यभार ग्रहण करने कहा गया है, नहीं करने पर सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जाएगी।

- अशोक सिन्हा,
डीईओ, जांजगीर चांपा

## पोता नहर पुल के पास फिर हुआ हादसा

# आमने-सामने भिड़ी दो कार, एक गिरी नहर में, आधा दर्जन घायल



क्षतिग्रस्त वाहन



नहर में गिरी कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पोता नहर पुल के पास दो कारों में आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक कार नहर में जा गिरी। गनीमत यह रही कि उस कार में सवार पिता-पुत्र को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं दूसरी कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, जैजैपुर क्षेत्र के ओडेकेरा निवासी पीके चंद्रा अपने बेटे के साथ इंडिगो कार में सवार होकर खरसिया की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे पोता नहर पुल के पास पहुंचे, सामने से आ रही स्विफ्ट कार से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद चंद्रा की इंडिगो कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी।घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए पिता-पुत्र को नहर से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया गया है कि दोनों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं स्विफ्ट कार में सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही मालखरौदा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 4 दिन पहले स्कॉर्पियो गिरी थीं नहर में, दो की हुई थी मौत



पोता नहर पुल के पास इसी सप्ताह एक दर्दनाक हादसा हुआ था। उस वक्त एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी थी, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चार लोग घायल हुए थे। यह घटना 27 तारीख सोमवार को हुई थी, इसके बाद इसी नहर पार में 31 तारीख को दो कारों में भिड़ंत हो गई और एक कर फिर से नहर में जा गिरी। लगातार हो रही इन घटनाओं से यह इलाका अब "हादसा जोन" बनने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने तत्काल सुरक्षा इंतजाम नहीं किए, तो किसी भी समय फिर बड़ा हादसा हो सकता है। इसी वजह से इस पर ध्याना देना चाहिए।

# मड़वा प्लांट क्षेत्र में पांच दिनों से डेरा जमाया तेंदुआ, गांवों में दहशत

## वन विभाग की टीम दिन-रात निगरानी में जुटी फिर भी पकड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मड़वा पावर प्लांट क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी ने ग्रामीणों और प्लांट कर्मियों में दहशत फैला दी है। बीते पांच दिनों से यह खूंखार तेंदुआ इलाके में डेरा जमाए हुए है, जिसकी गतिविधियां अब कैमरे में भी कैद हो चुकी हैं। खास बात यह है कि तेंदुआ कई बार प्लांट के मुख्य गेट के सामने दिखाई दिया, वहीं एक आवारा कुत्ते को शिकार बनाते हुए उसकी हरकत भी कैमरे में दर्ज हुई है।

सूत्रों के अनुसार, प्लांट क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रात के समय तेंदुए की आवाजाही लगातार हो रही है, जिससे सुरक्षा कर्मी और आसपास के ग्रामीण सहमे हुए हैं। वन विभाग की टीम ने मौके पर डेरा डाल रखा है। उप वन मंडलाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है, लेकिन अब तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुआ की मौजूदगी से लोग घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। बच्चे और बुजुर्गों को घरों में ही रहने की सलाह दी जा रही है। वन विभाग ने क्षेत्र के सभी गांवों में सतर्कता बरतने की अपील की है। लोगों से कहा गया है कि अकेले खेत या सुनसान इलाकों में न जाएं और मवेशियों को रात में खुले में न छोड़ें। कुछ दिन पहले भी इसी क्षेत्र में तेंदुए के देखे जाने की सूचना मिली थी। लगातार पांच दिनों से डेरा जमाया यह तेंदुआ अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।





कैमरे में कैद हुआ तेंदुए की तस्वीर तथा सर्चिंग करने पहुंची वन विभाग की टीम।

### आधा दर्जन गांव के लोग जी रहे दहशत में

*मडवा पावर प्लांट परिसर के आसपास तेंदुआ होने के बाद आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवो में मुनादी कराई गई है। मडवा, बसंतपुर, केनाभाठा, कर्रापाली, मदनपुर व तेंदुभांठा सहित आसपास के गांवो में लोगो की सुरक्षा को लेकर मुनादी कराई गई है। साथ ही साथ इन गांवो में इन दिनो लोगो की आवाजाही पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। सुबह एवं शाम के दौरान लोगो को अकेले नही चलने की सलाह भी दी गई है। तेंदुआ के डर के मारे कई लोग आने जाने के लिए मडवा मार्ग के बजाय अन्य रास्तो का उपयोग कर रहे है। इन आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग वर्तमान समय में तेदुआ होने के कारण दहशत के साये में जी रहे है। सुबह एवं रात के समय लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। खास कर रात के समय में आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित है।*

## 8 किलो गांजा के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

8 किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 31 अक्टूबर को सिटी कोतवाली जांजगीर को सूचना मिली कि दुर्गेश राठौर उर्फ पिंटू पिता अशोक राठौर उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गतौरा पुराना तालाब के पास थाना मस्तूरी हाल मुकाम रविदास चौक के पास जांजगीर एवं सूरज प्रकाश पिता शीतल प्रसाद राठौर निवासी चित्तरपारा दुर्गा मंदिर के पास जांजगीर द्वारा अवैध रूप से गांजे की बिक्री की जाती है। मुखबिर सूचना मिला कि खोखसा ओवर ब्रिज के नीचे जांजगीर के पास दो व्यक्ति अवैध तरीके से मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने के लिए मोटरसाइकिल के साथ ग्राहक ढूंढने के लिए खड़े है। सूचना पर मौके पर घेराबंदी किया गया जो दो व्यक्ति दो मोटरसाइकिल के साथ मौके पर मिले जिसे नाम पता पूछने पर दुर्गेश राठौर के कब्जे से कुल 8 किलो गांजा कीमती 80 हजार को जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध धारा 20(बी),29 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

## नरियरा में मुक्तिधाम निर्माण को लेकर नगरवासियों ने सीएमओ से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पंचायत नरियरा में सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण की मांग को लेकर पार्षद एवं नगरवासियों ने सीएमओ से फरियाद लगाई है।

नगर पंचायत नरियरा के जनप्रतिनिधियों ने शुक्रवार 31 अक्टूबर को नगरवासियों की वर्षों पुरानी माँग को लेकर मुख्य नगर



पालिका अधिकारी, नगर पंचायत नरियरा को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर में सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि नगर पंचायत नरियरा के वर्तमान मुक्तिधाम में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा सुरक्षित व व्यवस्थित अंतिम संस्कार स्थल जैसे कमी बनी हुई है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह स्थिति नागरिकों के गौरवपूर्ण जीवन एवं सम्मानजनक अंतिम संस्कार के अधिकार के विपरीत है, जो संविधान के मूल मूल्यों से जुड़ा विषय है। ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया में पार्षद भवानी सिंह, प्रतिनिधि मधु पाटले, दिलचंद बंजारे, शशि दास मंहत, सुशांत बंजारे तथा राजेश केवट उपस्थित रहे। इस अवसर पर नागरिकों ने भी मुक्तिधाम निर्माण को लेकर अपना समर्थन जताया और इसे नगर की प्राथमिक आवश्यकता बताया। ज्ञापन नरियरा विकास मंच के नेतृत्व में सौपा गया है।

## पर्व को लेकर खूब हो रही गन्ने की बिक्री, बाजार में देखी गई रौनक

# गन्ने के मंडप में होगा तुलसी विवाह, देवउठनी एकादशी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कार्तिक महीने में पड़ने वाले देवउठनी एकादशी शनिवार 1 नवंबर को को मनाया जाएगा। इस दिन गन्ने की मंडप में शालिग्राम के साथ तुलसी महारानी की विवाह रचाई जाएगी। इसको लेकर गन्ने की बिक्री शुरू हो गई है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी के रूप में मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि चार माह पूर्व देवशयनी एकादशी के दिन विश्राम पर गए देवतागण देवउठनी के दिन जागते है और इसके साथ ही चार महीने के लिए मांगलिक कार्यो पर लगा विराम हट जाता है। शाम के समय गन्ने से सजे मंडप में तुलसी विवाह के साथ शहनाईयां गूंजने लगती है। इस बार देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को पड़ रहा है, जिसको लेकर हिन्दू घरों में तैयारियां शुरू हो गई है। शहर में देवउठनी एकादशी को लेकर गन्ने की बिक्री खूब हो रही है। इसके साथ पूजा के लिए शकरकंद कांदा, फल्ली दाना की भी बिक्री हो रही है। तुलसी चौरा को रंग-रोगन करके सजाया गया है और एकादशी को विधि-विधान से तुलसी विवाह होगा। इस दिन महिलाएं चुड़ी, बिंदी, काजल, सिंदुर आदि सुहाग वस्तुएं अर्पित कर ऋतु फल अर्पित कर तुलसी की पूजा अर्चना की जाती है। इधर तुलसी विवाह एवं गन्ना पूजा के लिए शहर के कई स्थानों पर गन्ना पहुंच चुका है। शहर के कचहरी चौक, बीटीआई चौक, पुराना जिला अस्पताल के पास, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित नगर के प्रमुख मार्गो में विक्रेताओं द्वारा जगह-जगह ढेर लगाकर गन्नो की बिक्री की जा रही है। खरीददारी करने पहुंचे लोगों ने बताया कि इस वर्ष 25 से 30 रुपए का एक डांग गन्ना बिक रहा है।



गन्ने का सजा बाजार।

### तुलसी सालिग्राम विवाह आज

देवउठनी एकादशी का विशेष महत्व होता है क्योंकि इस दिन भगवान विष्णुजी अपनी योग निद्रा से जागते हैं। यही कारण है की इसे देवुत्थान एकादशी, प्रबोधिनी, देव जागरण, के नाम सें जाना जाता है। ये वो दिन होता है जब भगवान विष्णुजी अपनी चार महिने की योग निद्रा से जागते है। भगवान श्री विष्णु जी के जागृत अवस्था में आते ही चातुर्मास का समापन हो जाता है। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी कि देवजागरण दिवस प्रातकाल उठकर व्रत का संकल्प लेना चाहिए भगवान विष्णुजी की पुजा करनी चाहिए।

## बेजाकब्जा हटाने की मांग को लेकर चक्काजाम, 9 के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बेजाकब्जा हटाने की मांग को लेकर बलौदा-पंतोरा मुख्य मार्ग पर 5 घंटे चक्काजाम करने के मामले में 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला बलौदा थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 30 अक्टूबर को ग्राम पंचायत ढोरला के आश्रित ग्राम शनिचराडीह के ग्रामीणों द्वारा अपने गांव की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण मामले को लेकर बलौदा थाना चौक के पास 5 घंटे चक्काजाम कर दिया था। जिसके चलते यातायात प्रभावित हुई थी। वहीं अधिकारियों के हस्तक्षेप और लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम किया था, इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार 31 अक्टूबर को थाना बलौदा क्षेत्र में चक्का जाम कर आवागमन अवरुद्ध करने वालो के विरुद्ध पुलिस ने की सख्त कार्रवाई की है। जिसके तहत ग्राम शनिचराडीह डोरला निवासी 9 लोगों के खिलाफ नामजद एवं अन्य व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि थाना बलौदा क्षेत्र के ग्राम शनिचराडीह डोरला निवासियों के द्वारा गांव में हुये अवैध बेजा कब्जा को हटाने कि मांग को लेकर बलौदा बजरंग चौक के पास रोड के चारो तरफ घेरा बनाकर बैठकर अवागमन को अवरुद्ध करते हुये चक्का जाम कर दिये थे। पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस स्मृति दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कोरबा।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जिले में पुलिस विभाग द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में शस्त्र प्रदर्शनी एवं समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर भाषण जी सर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पुलिस बल की कार्यप्रणाली, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा आधुनिक हथियारों की जानकारी से अवगत कराना था। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से आरआई अनथराम पैकरा, एसआई अंगद्वाज राठौर, उप निरीक्षक अजय सोनवानी (साइबर सेल प्रभारी, कोरबा), विकेश्वर प्रताप सिंह एवं संजीव सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक एवं मार्गदर्शक के रूप में डॉ. एलएन कंवर, डॉ.एसके गोभिल, डॉ.दिनेश श्रीवास, एवं प्रोफेसर सुशील गुप्ता असिस्टेंट प्रोफेसर मधु कंवर उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता का संचालन एवं मूल्यांकन किया। समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए पुलिस की समाज सेवा, कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, संकट प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रभावशाली तर्क रखे।

### बाल्टी में घुस कर बैठ गया सांप किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** शहर से 20 किलोमीटर दूर कुदुरमाल गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गली में बैठे ग्रामीणों ने अपने तरफ आते एक बेहद बड़े नाग को देखा, देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई, इतने बड़े नाग को देख कर बच्चे, महिलाएं एवं वरिष्ठ जन हक्के बक्के रह गए की आखिरकार इतना बड़ा नाग आया कहा से फिर गांव के ही हरिशंकर पटेल ने बड़ी बहादुरी से एक किनारे बाल्टी को रख दिया जिसमें वो नाग घुस गया और कुण्डी मार कर बैठ गया फिर बाल्टी को सीधा कर के ढक दिया गया फिर गांव के युवक हरिशंकर पटेल ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम प्रमुख सदस्य जितेंद्र सारथी को दिया गया जिस पर सारथी ने थोड़ी देर में पहुंचने की बात कही तब तक गांव वाले वहीं बैठ कर रेस्क्यु टीम आने का इंतजार करते रहे आखिरकार कुछ घंटे के बाद जितेंद्र सारथी अपने टीम राजू बर्मन, बबलू मारवा, शुभम के साथ वहां पहुंचे और बड़ी सावधानी से बाल्टी के अंदर से 6 फिट के विशालकाय नाग को बाहर निकाला और बड़ी ही सावधानी से कोबरा को डिब्बे में रखा, पूरे रेस्क्यु ऑपरेशन को देख कर गांव वाले हक्के बक्के रह गए साथ ही सुरक्षित महसूस करने लगे फिर गांव वालों ने रेस्क्यु टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया फिर नाग को सुरक्षित उसके प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ दिया गया।

### हर खेत तक पहुंचा पानी, किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती समूचे प्रदेश के लिए गर्व, उपलब्धि और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। वर्ष 2000 में राज्य ने जब अपनी ऐतिहासिक यात्रा आरंभ की थी, तब विकास की राह अनेक चुनौतियों से घिरी थी। सीमित संसाधनों के बीच राज्य ने दृढ़ संकल्प, जनसहभागिता और दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर निरंतर प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। आज 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने उद्योग, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, ग्रामीण विकास और जल संसाधन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। इस गौरवशाली यात्रा में जल संसाधन विभाग का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। जल ही जीवन और कृषि का आधार है, और छत्तीसगढ़ जैसे कृषिप्रधान राज्य में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण समृद्धि की रीढ़ साबित हुआ है। कोरबा जिला, जो अपनी भौगोलिक विविधता और औद्योगिक पहचान के लिए जाना जाता है, यहाँ वर्ष 2000 से 2025 तक जल संसाधन विभाग ने अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। वर्ष 2000 में कोरबा जिले में केवल 10 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध थी, जबकि आज यह क्षमता बढ़कर लगभग 16,071 हेक्टेयर तक पहुंच गई है यानी 25 वर्षों में 6,071 हेक्टेयर की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## सरकारी व निजी विद्युत संयंत्र प्रबंधनों को मिली बड़ी राहत

# अब विद्युत संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाने की अनिवार्यता हुई खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी व एनटीपीसी सहित अन्य निजी विद्युत संयंत्रों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें संयंत्रों में फ्लू गैस डीसल्फराइज़ेशन (एफजीडी) सिस्टम लगाने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। दरअसल पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देश के 78 प्रतिशत थर्मल पावर प्लांटों को फ्लू गैस डीसल्फराइज़ेशन (एफजीडी) सिस्टम लगाने से छूट प्रदान की है। केन्द्र सरकार ने

**खास बात**
- एनजीटी के निर्देश पर तय समय सीमा पर संयंत्रों में लगाई जानी थी एफजीडी

कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र के लिए एफजीडी के नियमों में बदलाव किया है। इससे बिजली की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने विद्युत संयंत्रों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाने का निर्देश दिया था। संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाने के लिए लगभग 500 से 600 करोड़ के खर्च का अनुमान था। यही वजह है कि संयंत्र




प्रबंधन द्वारा एफजीडी सिस्टम लगाने को लेकर कोताही बरती जा रही थी। जिले में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम व डीएसपीएम संयंत्र के अलावा जांजगीर जिले में स्थापित मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में भी एनजीटी द्वारा एफजीडी सिस्टम लगाने का निर्देश जारी किया गया था। इसके लिए बकायदा समय सीमा का भी निर्धारण कर दिया गया था। तय समय अवधि तक एफजीडी सिस्टम नहीं लगाने पर एनजीटी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही का निर्देश जारी किया गया था। जिसके तहत पुराने इकाइयों से कोयला उत्पादन बंद करना भी शामिल था। अब केन्द्र सरकार द्वारा एफजीडी सिस्टम लगाने की अनिवार्यता खत्म करने के बाद विद्युत संयंत्र प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। उत्पादन कंपनी के अलावा एनटीपीसी, बालको, अडानी व जिले सहित प्रदेश में स्थापित अन्य निजी विद्युत संयंत्र प्रबंधनों को भी इसका लाभ मिलेगा।

### संयंत्रों एफजीडी लगाना था अनिवार्य

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में सरकार ने सभी कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाना अनिवार्य किया था। यह सिस्टम कोयले से निकलने वाली सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) गैस को कम करता है, जिसे वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण माना जाता है। वहीं नए नियमों के तहत अब केवल उन संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाना जरूरी होगा जो 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं या अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों में हैं। इससे देश के लगभग 79 प्रतिशत कोयला प्लांट इस शर्त के दायरे से बाहर आ जाएंगे और इस नियम से मुक्त रहेंगे। इसका मतलब है कि ये विद्युत संयंत्र बिना एफजीडी सिस्टम के काम कर सकेंगे, जिससे उनकी परिचालन लागत कम होगी।

### इस फैसले के पीछे क्या है कारण

सरकार का कहना है कि यह नीतिगत बदलाव कई वैज्ञानिक अध्ययनों और शोधों के आधार पर किया गया है। दिल्ली आईआईटी, सीएसआईआर-एनईईआरआई और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (एनआईएएस) की रिपोर्ट्स से पता चला है कि देश में ज्यादातर कोयले में सल्फर की मात्रा 0.5 प्रतिशत से कम है, जो अन्य देशों की तुलना में काफी कम है। इसके अलावा, देश के अधिकांश हिस्सों में सल्फर डाइऑक्साइड का स्तर 3-20 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच है, जो राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक (80 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से काफी नीचे है। शोध में यह भी पाया गया कि अगर सभी संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाए जाते, तो वर्ष 2025 से 2030 के बीच 6.9 करोड़ टन अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन होता। यह अतिरिक्त उत्सर्जन चूना पत्थर की खदानों और एफजीडी सिस्टम को चलाने के लिए जरूरी अधिक बिजली की खपत के कारण होता। इसके साथ ही देश के बिजली संयंत्रों की ऊंची चिमनियां और अनुकूल मौसमी परिस्थितियां सल्फर डाइऑक्साइड को हवा में फैलने में मदद करती हैं, जिससे इसका प्रदूषण प्रभाव कम रहता है।

### सभी को मिलेगा लाभ

नए नियमों से बिजली उत्पादन की लागत में प्रति यूनिट 25-30 पैसे की कमी आने की संभावना है। इस लागत में कमी का सीधा फायदा उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिलों में दिखेगा। इसके अलावा पहले से ही आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी को भी इस नीति से राहत मिलेगी। इससे राज्य सरकार का बिजली सब्सिडी पर होने वाला खर्च भी कम होगा, जिससे सरकारी खजाने पर बोझ घटेगा। पहले अनुमान लगाया गया था कि सभी संयंत्रों में एफजीडी सिस्टम लगाने की लागत 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक होगी, यानी प्रति मेगावाट 1.2 करोड़ रुपये। इतना ही नहीं, एक सिस्टम लगाने में 45 दिन तक का समय लगता है, जिससे बिजली उत्पादन और ग्रिड स्थिरता पर भी असर पड़ता है। इस खर्च और समय की बचत से बिजली सस्ती और सुलभ होगी।

## उद्योग मंत्री के प्रयासों से सड़क डामरीकरण के लिए साढ़े तीन करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से नगर निगम क्षेत्र के 7 वार्डों के विभिन्न सड़कों के डामरीकरण के लिए साढ़े तीन करोड़ की स्वीकृति मिली हैं।


लखन देवांगन

**खास बात**
- नगरीय प्रशासन विभाग ने निगम की स्वीकृति आदेश किया जारी

जिन सड़कों के डामरीकरण के लिए राशि की स्वीकृति मिली है उनमें वार्ड क्रमांक 54 कुमगरी मुख्य चौक से पंडाल होते हुए प्राथमिक शाला कुमगरी तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 40 लाख, वार्ड क्रमांक 52 अयोध्यापुरी मुख्य मार्ग बस स्टॉफ से होते हुए पाइप लाइन तक सड़क डामरीकरण कार्य 32 लाख, वार्ड क्रमांक 34 दादर कंकालीन मंदिर के सामने से जगन्नाथ मंदिर होते हुए मुख्य द्वार तक सडक डामरीकरण कार्य 1.18 करोड़, वार्ड क्रमांक 66 सुराकछार बस्ती में पीतांबर तंवर घर के पास से बलगी खदान मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य लागत 25 लाख, वार्ड क्रमांक 40 पाड़ीमार क्रमांक 1 राकेश ठाकुर घर से बरगद चौक होते हुए इंदिरा मार्केट मुख्य मार्ग तक सड़क डामरीकरण कार्य 25 लाख, वार्ड क्रमांक 8 मोतीसागर पारा सीतामणी पवन टेंट के पास से गोकुल गंज तक सड़क डामरीकरण कार्य 20 लाख, वार्ड क्रमांक पीपरपारा मेनरोड से रामकुमारी घर तक एवं भवानी मंदिर से बाबूलाल घर तक सड़क डामरीकरण कार्य 90 लाख कुल 3.50 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने अधोसंरचना मद 2025-26 वर्ष के अंतर्गत स्वीकृति नगर निगम को जारी की है।

## एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में 2 को होगी चयन स्पर्धा

**कोरबा।** रायपुर में अंडर 15 एवं अंडर 17 वायु वर्ग के खिलाडियों का योनेक्स सनराइज 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित किया जाना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले की टीम का चयन किया जाना है। चयन स्पर्धा रविवार 2 नवम्बर को एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के भव्य डबल बैडमिंटन कोर्ट में सुबह नौ बजे से आयोजित होगी।

जिला बैडमिंटन एसोसएशन के सचिव गोपाल शर्मा ने बताया कि अंडर 15 एवं अंडर 17 वायु वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता रायपुर में 11 से 15 नवम्बर के बीच आयोजित होने जा रही है। इसके लिए चुनी जाने वाली जिले की टीम की चयन स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए सम्बंधित आयु वर्ग के खिलाडियों को पहले अपनी एंट्री करनी होगी।

चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रतिभागी खिलाड़ी को अपनी एंट्री इवेंट का नाम, अपना नाम, जन्म दिनांक, सीजीबीए आईडी के साथ 31 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक एंट्री दर्ज करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद अथवा बिना आईडी के एंट्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

# मवेशियों की तस्करी करने वाले भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मवेशियों की तस्करी करते हुए आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ छ०ग० कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धरा 4, 6, 10 पशु कुरता का निवारण अधि. 1960 की धारा 11 (घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग चारपहिया वाहन में मवेशियों को बूचड़ खाना ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी की और सफेद रंग के पीकप वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 4865 में कुछ लोगों के द्वारा ग्राम सराईपाली


पुलिस गिरफ्त में मवेशी तस्कर।

पंचायत रिवापार से अवारा बैलों को पीकप में लोडकर जिला जशपुर बतोली से उत्तर प्रदेश तरफ बूचड़ खाना वध कर मांस बेचने के लिए लेकर जा रहे हैं जिसकी सूचना पर ग्राम सराईपाली बस्ती पंचायत रिवापार में जाकर घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया गया जो मौके पर एक सफेद रंग का पीकप वाहन आते दिखा जिसे रूकवाकर चेक किया गया जो उक्त पीकप वाहन के छोटे डाला में 7 रास बैल को रखा गया था जिससे उनको काफी परेशानी हो रही थी वाहन के केबिन में एक चालक और दो व्यक्ति बैठे हुए थे जिनसे पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम काशाबेल निवासी सन बहाल राम यादव उम्र 36 वर्ष पिता जंगु राम यादव तथा बैठे व्यक्यिों ने अपना नाम दिनेश राम उम्र 35 वर्ष पिता बबलू राम, मंगलू यादव उम्र 32 वर्ष पिता उमेन्द्र राम यादव बताया तथा उनके अन्य साथी पिकअप वाहन के पीछे से आ रही प्लसर मोटर सायकल में तीन व्यक्ति बैठकर आ रहे थे और पुलिस को देखकर दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए उनमे से एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम खीकराम बघेल उम्र 35 वर्ष पिता स्व० जनक राम बघेल बताया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धरा 4, 6, 10 पशु क्रूरता का निवारण अधि. 1960 की धारा 11 (घ) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## एसईसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने कॉलोनी में गंदगी को लेकर जताई नाराजगी

**कोरबा।** एसईसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने कुसमुंडा क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अस्पताल, कॉलोनी सहित अन्य स्थलों पर पहुंचकर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा कराए जा रहे कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली। टीम ने डिसेंट हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व कर्मियों द्वारा इस योजना में खामियों की शिकायतें की गई थीं। वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने इन शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए अधिकारियों से सुधार की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने कॉलोनी परिसर में कई स्थानों पर



गंदगी और कचरे के ढेर देखे। इस पर उन्होंने संबंधित प्रबंधकों को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए तथा साफ-सफाई के बाद की तस्वीरें तत्काल मंगवाईं। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि आवासीय परिसरों में सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। वेलफेयर बोर्ड की टीम आगे दीपका और गेवरा क्षेत्रों का भी निरीक्षण करेगी।

## नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2 अक्टूबर की सुबह लगभग 3 बजे उसकी नाबालिग पुत्री अचानक जोर से चिल्लाई और बतायी की गांव का नंद कुमार केंवट घर के अंदर जबरन घुसकर उसके साथ गलत काम व बेईज्जती करने की नियत से उसके हाथ बांह को पकड़कर खींच रहा था। नाबालिग किशोरी के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में नन्द कुमार केंवट उम्र 22 बर्ष पिता राम केंबट को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## एसईसीएल ने स्पेशल कैम्पेन 5.0 के तहत लगाए 43 बायो टॉयलेट

**कोरबा।** एसईसीएल ने अपने खनन क्षेत्रों में कार्यस्थलों पर स्वच्छता, समावेशिता और सतत विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने भारत सरकार के स्पेशल कैम्पेन 5.0 के अंतर्गत कुल 43 बायो टॉयलेट्स स्थापित किए हैं।

इस पहल के तहत 43 बायो टॉयलेट्स का लोकार्पण किया गया। इन आधुनिक शौचालयों की स्थापना से खनन क्षेत्रों में स्वच्छता अवसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिला है। बायो टॉयलेट्स अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीक पर आधारित हैं, जिनमें अपशिष्ट को सूक्ष्मजीव क्रिया के माध्यम से जल एवं गैस में परिवर्तित किया जाता है। इससे प्रदूषण में कमी आती है और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। एसईसीएल की यह पहल स्वच्छ भारत अभियान की भावना से प्रेरित है और कार्यस्थलों पर स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सृजित करने की दिशा में कंपनी के संकल्प को दर्शाती है। विशेष रूप से महिला कर्मियों के लिए यह कदम कार्यस्थल पर गरिमा और सुविधा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगा। खनन क्षेत्रों में समावेशी और स्वच्छ कार्य परिवेश की दिशा में यह प्रयास एसईसीएल की जिम्मेदार खनन नीति और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पेशल कैम्पेन 5.0 भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की देशव्यापी पहल है, जो 2 से 31 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है।

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./202509063100016/अ-6/24-25
ग्राम लगरा प.ह.न.-06 तहसील पामगढ़
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरीत राम पिता पहारू जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम लगरा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम लगरा में खसरा नंबर 120 रकबा 0.008 हे. भूमि गोवर्धन पिता झिंगुट के नाम अवस्थित है। वादभूमि गोवर्धन पिता झिंगुट की भूमि स्वामी हक एवं स्वामित्व की भूमि है जिसे आवेदक के नाम पर वसीयतनामा दिनांक 09.07.2009 को वसीयत किया है। वसीयतकर्ता गोवर्धन पिता झिंगुट की मृत्यु दिनांक 17.10.2011 को हो गई है वसीयतकर्ता निःसंतान है। वादभूमि पर आवेदक बाड़ी बनाकर उपयोग करते हुए आ रहा है और अपने नाम पर वसीयतनामा के आधार पर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 10.11.25 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 22/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया है।
**तहसीलदार पामगढ**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय अति. तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक / Q / तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 28/10/25
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक सूरजभान जांगड़े पिता लखन लाल जाति सूर्यवंशी ग्राम भिलौनी थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जाजगीर चांपा छ.ग.ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है की आवेदक अपने पुत्र ऋषभ जांगडे पिता सूरजभान जांगड़े का जन्म दिनांक 17/10/2005 को ग्राम भिलौनी पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम भिलौनी पर में नहीं करा पाने के कारण जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 06/11/2025 को 2025 को दावा अपत्ति पेश कर सकते है।
आज दिनांक 28/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय अकलतरा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**
मैं प्रकाश कुमार उम्र 31 वर्ष पिता पवन कुमार जाति सतनामी निवासी सरगबुंदिया तहसील करतला जिला कोरबा (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पुर्वक करता हूँ- 01. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूँ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा द्वारा दिनांक 10/08/2025 को मेरे पुत्री के नाम से जन्मप्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिस पर पुत्री का नाम कुमारी आकृति बंजारे दर्ज कर जारी किया गया है जो त्रुटिपूर्ण है। 02. यह कि मैं अपने पुत्री का नाम गरीमा बंजारे पिता प्रकाश कुमार बंजारे माता श्रीमती सुष्मिता बंजारे दर्ज कराना चाहता हूँ। 03. यह कि इस शपथ पत्र के आधार पर मेरी पुत्री कुमारी आकृति बंजारे के स्थान पर कुमारी गरीमा बंजारे दर्ज कर द्वितीय प्रति जन्मप्रमाण पत्र जारी करने हेतु निष्पादित किया है।
**शपथकर्ता-प्रकाश कुमार**
**सत्यापन**
मैं प्रकाश कुमार यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र कि कंडिका क्रमांक 01 से लेकर 03 तक बात मेरे जानकारी व विश्वास से सही है एवं सत्य है अतः आज दिनांक 07/10/2025 को तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा मे इसे लिखाकर पढ़कर सूनकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया ।
दिनांक 07/10/2025
**सत्यापनकर्ता-प्रकाश कुमार**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का
**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पायरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन मे गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# असम के सभी सिनेमाघरों में रिलीज होगी जुबीन की आखिरी फिल्म...

**मुंबई।** देश के महान गायक जुबीन गर्ग का 19 सितंबर को निधन हो गया। असम सहित पूरे देश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। 31 अक्टूबर को उनकी आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले' रिलीज होने वाली है। बताया जाता है कि राज्य के सभी सिनेमाघरों में 'थामा', 'एक दीवाने की दीवानियत', 'कंतारा चैप्टर 1' और 'जॉली एलएलबी 3' सहित सभी फिल्मों की स्क्रीनिंग को रोकने का फैसला किया गया है। यह फैसला इसलिए किया गया है, ताकि जुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रोई रोई बिनाले', राज्य के सभी सिनेमाघरों में खास तौर से प्रदर्शित हो सके। असम के हर सिनेमाघर में सिर्फ 'रोई रोई बिनाले' ही दिखाई जाएगी। यह कदम जुबीन गर्ग को भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए उठाया गया है।

लाइफ Style

# सारा

## सार्वजनिक हस्ती के लिए चीजें आसान नहीं

अभिनेता सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर कुछ न कुछ शेयर करती रहती हैं। कई बार ट्रोलर्स उन्हें ट्रोल करते हैं। अभिनेत्री मानती हैं कि लगातार ट्रोलिंग और आलोचना का सामना करना आसान नहीं है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खासकर जब यह व्यक्तिगत हो जाए। हालांकि सारा कहती हैं कि समय के साथ उन्होंने मानसिक फिल्टर विकसित कर लिए हैं और जरूरी चीजों पर ध्यान केंद्रित करना सीख लिया है। सारा अली खान ने 2018 में दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के साथ फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने 'सिम्बा', 'कुली नंबर 1', 'अतरंगी रे' और 'जरा हटके जरा बचके' जैसी कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने कहा 'जब आप एक सार्वजनिक हस्ती होते हैं, तो चीजें आसान नहीं होतीं, हर तरफ से मशवरे दिए जाते हैं, चाहे आप इसे मानें या न मानें। हालांकि समय के साथ, मैंने एक मानसिक फिल्टर बनाना सीख लिया है।' 30 वर्षीय सारा का कहना है, 'मैं मानती हूं कि रचनात्मक आलोचना काम के बारे में होती है और यह मुझे आगे बढ़ने, सीखने और बेहतर बनने में मदद करती है। मैं इसकी बहुत कद्र करती हूं लेकिन जब यह व्यक्तिगत हो जाती है या जब इरादा आपको नीचे गिराने का हो, तो मैं इसे अंदर नहीं आने देती। मुझे एहसास हुआ है कि हर कोई आपको नहीं जानता और हर किसी को जानने की जरूरत भी नहीं है। मैं चाहती हूं कि मैं उन लोगों से जुड़ी रहूं जो मुझे स्क्रीन के बाहर जानते हैं।'



हॉलीवुड मसाला



# द पैराडाइज में होंगे रेनॉल्ड्स

**मुंबई।** साउथ के अभिनेता नानी अपनी अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म को हिट कराने के लिए निर्माता कई कदम उठा रहा हैं। इसी कड़ी में निर्माता कथित तौर पर हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स के साथ फिल्म रिलीज करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। फिल्म से जुड़े सूत्रों की मानें तो निर्देशक श्रीकांत ओडेला का मानना है कि रेनॉल्ड्स जैसे वैश्विक नाम को शामिल करने से इस एक्शन ड्रामा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी।



# अजगर के साथ पोज देती नजर आईं प्रिंयका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने कुछ ही देर पहले सोशल मीडिया पर अपने पति निक जोनस के साथ कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों को देखकर प्रियंका का एक पुराना शौक नजर आ रहा है। प्रियंका ने अजगर को गले में डालकर हंसते हुए पोज दिए। प्रियंका ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और निक जोनस की कई तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में प्रियंका गले में एक अजगर को डाले खुशी से तस्वीरें खिंचवातीं नजर आ रही हैं। हालांकि, इन लेटेस्ट तस्वीरों के साथ प्रियंका ने कुछ पुरानी तस्वीरें भी शेयर की हैं, जो अजगर के साथ है। यह तस्वीरें बताती हैं कि प्रियंका को अजगर के साथ तस्वीरें खिंचवाने का काफी पुराना शौक रहा है। प्रियंका ने तस्वीरों के साथ इंस्टाग्राम पर अपना एक खास वीडियो भी शेयर किया है।



# रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** मानव कौल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बारामूला' का ट्रेलर आखिरकार निर्माताओं ने रिलीज कर दिया है। इसमें बच्चों के रहस्यमयी तरीके से गायब होने की घटना दर्शकों को हैरान कर रही है। यह फिल्म जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बारामूला' के मेकर्स ने 2 मिनट 13 सेकेंड का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर की शुरुआत एक बच्चे के गायब होने से होती है। इसके बाद डीएसपी सैय्यद रिदवान इस केस की जांच करने अपने परिवार के साथ गांव आते हैं। डीएसपी के घर में भी अजीब-अजीब घटनाएं होती हैं। फिर इसी तरह और बच्चों के गायब होने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। कुछ दृश्य तो रोंगटे खड़े करने का काम करते हैं। इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जम्भाले द्वारा किया गया है।




# टॉक्सिक से यश का शानदार पोस्टर जारी

**मुंबई।** 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के निर्माताओं ने फिल्म की देरी से रिलीज की अफवाहों पर विराम लगाते हुए रिलीज डेट की पुष्टि कर दी है। निर्माताओं का जवाब केवीएन प्रोडक्शंस ने एक्स हैंडल पर देते हुए यश का एक शानदार पोस्टर शेयर किया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, 'अभी 140 दिन बाकी हैं। टॉक्सिक 19 मार्च 2026 को रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है, जो उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद के त्योहारी सप्ताहांत के लिए बिल्कुल सही समय पर है। पोस्ट-प्रोडक्शन तब शुरू हुआ जब यश मुंबई में फिल्म 'रामायण' की शूटिंग कर रहे थे। टीम अब शूटिंग के अंतिम हिस्से को पूरा कर रही है और जनवरी 2026 में इसका प्रचार शुरू होगा। यह फिल्म अंग्रेजी और कन्नड़ में एक साथ शूट की गई है।

टीवी मसाला

# साउथ इंडस्ट्री में एक अनुभव भी नहीं था सुखद : मदालसा

**नई दिल्ली।** मदालसा शर्मा बॉलीवुड फिल्मों और टेलीविजन की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। एक्ट्रेस को 'अनुपमा' टीवी शो से काफी पहचान मिली। इतना ही नहीं मदालसा, दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बहू भी हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने साउथ इंडस्ट्री में काम करने के अपने बुरे अनुभव का खुलासा किया। हाल ही में अभिनेत्री मदालसा शर्मा पिंकविला से एक बातचीत में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपने काम के अनुभवों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'एक अनुभव भी सुखद नहीं थे मेरे वहां पर। फिर मुझे लगा कि मैं नहीं कर पाऊंगी और वह रास्ता मैं नहीं अपना पाऊंगी।' उन्होंने कहा, 'कास्टिंग काउच और वो सब। मुझे लगता है कि यह हर जगह है । मुझे साउथ में थोड़ी निराशा हुई थी। कोई अनुभव नहीं है, लेकिन एक बातचीत ने मुझे असहज कर दिया था। मुझे याद नहीं है, मैं 17 साल की थी, कुछ साल हो गए हैं। लेकिन, मुझे याद है कि मुझे असहज महसूस हुआ और मैं बस बाहर चली गई, और मैंने खुद से कहा, चलो अब मुंबई वापस चलते हैं।' अभिनेत्री ने अपने जीवन के लक्ष्यों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'हर इंसान का एक लक्ष्य होता है, जिससे वो कहीं पहुंचने का सपना देखता है। मेरा लक्ष्य महत्वाकांक्षा है, सब कुछ है, मगर वो उतना ज्यादा नहीं है कि मैं उसको खुद पे हावी होने दूं। मुझे क्या चाहिए, क्या नहीं चाहिए और किस कीमत पर चाहिए। मेरे फैसले उसी के आधार पर हैं।' मदालसा शर्मा ने साल 2009 में तेलुगु फिल्म 'फिटिंग मास्टर' से डेब्यू किया था।



## कैप्टेंसी टास्क से अश्नूर-अभिषेक बाहर

**मुंबई।** बिग बॉस 19 के लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत फरहाना और मृदुल के बीच लड़ाई से शुरू होती है। 66वें दिन की शुरुआत 'हुस्न तेरा तौबा तौबा' गाने से होती है। सुबह-सुबह ब्रेकफास्ट के दौरान कुनिका और अभिषेक के बीच बहस होती है। दोनों मिल्क प्रोडक्ट्स को लेकर बहस करते है। मृदुल दोनों को समझाते हैं, लेकिन दोनों में से कोई भी नहीं मानता। इसके बाद बिग बॉस सभी घरवालों को गार्डन एरिया में इकट्ठा करते हैं और कैप्टेंसी की दावेदारी के लिए टास्क रखते है। बिग बॉस कहते हैं कि घर में जीनियस साइंटिस्ट की लैब बनाई गई है। साइंटिस्ट को कुछ सामान चाहिए, जिसे जोड़ी में बने कंटेस्टेंट्स वो सामान लाकर देंगे। फिर फरहाना अमाल, गौरव-मालती, नीलम-कुनिका, मृदुल-तान्या और प्रणित-शहबाज की जोड़ी बनती है। बिग बॉस कहते हैं कि अश्नूर और अभिषेक को कैप्टेन की दावेदारी नहीं दी जाएगी। उन्होंने पहले ही घर नियमों का उल्लंघन किया है। अश्नूर को गेम का संचालक बनाते है।



# एनरिक इग्लेसियस के कॉन्सर्ट में जमा हुआ बॉलीवुड

*मुंबई। लगभग 13 साल बाद एनरिक इग्लेसियस भारत में अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट कर रहे हैं। मुंबई में बुधवार को सिंगर के कॉन्सर्ट में कई बॉलीवुड सेलेब्स मौजूद दिखे। सभी एनरिक के सॉन्ग को एंज्वॉय कर रहे थे। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिसमें कई मलाइका, रकुल के अलावा कई सेलेब्स नजर आ रहे हैं।*





**मलाइका और रकुल ने एंज्वॉय किया कॉन्सर्ट** : मलाइका अरोड़ा को म्यूजिक कॉन्सर्ट को काफी एंज्वॉय करते हुए देखा गया। रकुल प्रीत अपने पति जैक भगनानी के साथ कॉन्सर्ट में पहुंची थीं। यह कपल भी कॉन्सर्ट में काफी मस्ती के मूड में दिखा। रकुल ने अपने इंस्टाग्राम पर भी एनरिक के कॉन्सर्ट की तस्वीरें शेयर की हैं।

**सोनल चौहान ने कैमरा को दिए पोज** : एक्ट्रेस सोनल को भी एनरिक के म्यूजिक कॉन्सर्ट में देखा गया। कैमरा देखकर उन्होंने कई पोज दिए। वह कॉन्सर्ट में काफी खुश दिख रही थीं।

**सिंगर एनरिक भी भारत आकर खुश हैं** : एनरिक की भारत में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। उनके गानों को यहां काफी पसंद किया जाता है। वह भी भारत आकर खुश हैं। भारत आने के बाद एनरिक ने फर्स्टपोस्ट से बात करते हुए कहा, 'भारत में दर्शक अद्भुत हैं। उनमें म्यूजिक के लिए प्यार है। जब मैं भारत में स्टेज पर आता हूं, तो दर्शक कमाल के होते हैं। उनकी एनर्जी का लेवल बेहतरीन होता है।'

**ताज महल का दीदार करेंगे एनरिक** : बता दें कि इंटरनेशनल पॉप स्टार एनरिक 29 और 30 अक्टूबर को मुंबई में कॉन्सर्ट कर रहे हैं। अपने शो के बाद वो आगरा भी जाने वाले हैं, जहां ताजमहल का दीदार करेंगे। इससे पहले वो साल 2012 में भारत आए थे और परफॉर्म किया था। और इससे पहले वो साल 2004 में इंडिया आए थे।

# वेटिकन सिटी में गाया गया भारतीय गाना

## कलाकारों को अच्छा लगा पोप लियो का साथ

**मुंबई।** भारत की फिल्में पूरी दुनिया में देखी जाती हैं और इनकी तारीफ होती है। भारत का संगीत भी लगभग पूरी दुनिया में सुना जाता है और इसे लोग पसंद करते हैं। हाल ही में केरल के संगीतकारों-गायक विजय येसुदास और कीबोर्डिस्ट स्टीफन देवासी ने वेटिकन सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में मलयालम गाना गया। दोनों कलाकारों ने 'नोस्त्रा एतेते' नाम से आयोजित कार्यक्रम में पोप लियो 14वें की उपस्थिति में यह गाना गाया।

मलयालम में गाए गए गाने 'दैव स्नेहम वर्णिचिदन' की तारीफ हो रही है। भक्ति गीत 'दैव स्नेहम वर्णिचिदन' की रचना सेवानिवृत्त डीजीपी टोमिन जे. थचनकारी ने की थी। एक फेसबुक पोस्ट में, देवासी ने कार्यक्रम की तस्वीरें साझा कीं और इसे 'रोम में अद्भुत क्षण' बताया। उन्होंने लिखा, 'पोप लियो के साथ होना अच्छा था।' उन्होंने कहा कि वह इस कार्यक्रम में दुनिया भर के कलाकारों के साथ थे। देवासी के ऑफिस से कहा गया कि वह शुक्रवार को केरल लौटेंगे। विजय येसुदास महान गायक केजे येसुदास के बेटे हैं। चर्च के अधिकारियों के अनुसार, नोस्त्रा एतेते कैथोलिक चर्च और गैर-ईसाई धर्मों के संबंधों की एक कड़ी है। इस वर्ष इसकी 60वीं वर्षगांठ है, जिसे रोम और दुनिया भर में मनाया जा रहा है।



## बाहुबली और बाहुबली-2 को जोड़कर बनाई गई है 'बाहुबलीः द एपिक'

# सिनेमाघरों में द ताज स्टोरी समेत आज पांच नई हिंदी फिल्में होंगी रिलीज

*मुंबई। सिनेमाघरों में शुक्रवार, 31 अक्टूबर को हिंदी में 5 फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें जहां परेश रावल की 'द ताज स्टोरी' से लेकर हुमा कुरैशी की 'सिंगल सलमा' जैसी नई फिल्में हैं, वहीं डायरेक्टर एसएस राजामौली की एक्शन ड्रामा फिल्म 'बाहुबली: द एपिक' भी है, जो एक तरह से ब्लॉकबस्टर 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' को जोड़कर बनाई गई लगभग 4 घंटे का वन-कट वर्जन है। दिलचस्प बात यह है कि थिएटर्स में पहले से मौजूद 'थामा', 'एक दीवाने की दीवानियत' और 'कांतारा चैप्टर 1' की कमाई की रफ्तार जहां अब धीमी होने लगी है, वहीं नई फिल्मों से अधिक क्रेज 'बाहुबली: द एपिक' को लेकर है। कम से कम एडवांस बुकिंग के आंकड़े तो यही गवाही दे रहे हैं। कुल मिलाकर, अनुमान ये है कि प्रभास, राणा दग्गुबाती की यह फिल्म शुक्रवार को जबरदस्त कमाई करती हुई दिख रही है। प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी, सत्यराज और तमन्ना भाटिया स्टारर 'बाहुबली: द एपिक' ने बुधवार रात तक प्रीमियर सहित पहले दिन की एडवांस बुकिंग से देश और विदेश मिलाकर कुल कमाई 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की ग्रॉस बुकिंग कर ली है। इसमें से भारत में इसने प्री-बुकिंग से 5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।*

### द ताज स्टोरी

तुषार अमरीश गोयल के डायरेक्शन में बनी 'द ताज स्टोरी' में परेश रावल और जाकिर हुसैन प्रमुख भूमिका में हैं। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसकी कहानी के केंद्र में एक टूर गाइड है। वह ताजमहल की ऐतिहासिक उत्पत्ति पर सवाल उठाता है। इसके लिए कानूनी केस दायर करता है। परेश रावल की यह फिल्म ताजमहल की विरासत, इस विश्व प्रसिद्ध धरोहर के नीचे के 22 कमरों को लेकर किए जाने वाले दावे, इसकी आस्था और सच्चाई की पड़ताल करती है। फिल्म अपने टीजर रिलीज के बाद से ही आलोचनाओं के घेरे में रही है।

### बाहुबलीः द एपिक

'बाहुबलीः द एपिक' की प्री-सेल्स पहले ही देश में पिछले दिनों री-रिलीज हुई फिल्मों की कमाई से ज्यादा हो चुकी है। ऐसे में यह निश्चित रूप से अब तक की सबसे बड़ी भारतीय री-रिलीज ग्रॉसर फिल्म बनने वाली है। बहुत आश्चर्य नहीं होगा, अगर 'बाहुबलीः द एपिक' बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा पार कर ले। 'बाहुबलीः द एपिक' का रनटाइम 3 घंटे 45 मिनट है। बताया जाता है कि इसमें 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' से लगभग 1 घंटा 42 मिनट और 'बाहुबलीः द कन्क्लूजन' से लगभग 2 घंटे 3 मिनट का रनटाइम लिया गया है।

### सिंगल सलमा

नचिकेत सामंत के डायरेक्शन में बनी 'सिंगल सलमा' में हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह लीड रोल में हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसकी कहानी लखनऊ में सेट है। केंद्र में सलमा का किरदार है, जिसकी उम्र 30 के पार हो चुकी है। उस पर शादी करने का दबाव है। लेकिन, सलमा अपना कॅरियर बनाना चाहती है। उसके माता-पिता सिकंदर के साथ उसकी शादी तय कर देते हैं, लेकिन ठीक उसी समय उसका पुराना प्यार, मीत उसकी जिंदगी में लंदन से लौट आता है। अब दो प्रेमियों और दो शादियों के चक्कर में उलझन भरी कॉमेडी शुरू होती है।







### वन टू चा चा चा

अभिषेक राज और रजनीश ठाकुर के डायरेक्शन में बनी 'वन टू चा चा चा' एक कॉमेडी फिल्म है। इसमें ललित प्रभाकर और आशुतोष राणा प्रमुख किरदार में हैं। कहानी में कॉमेडी और ड्राम का मेल है, जो गलतफहमियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 18 हार्टबीट्सः रिकॉर्डिंग लाइव

अनुराग झा के डायरेक्शन में बनी '18 हार्टबीट्सः रिकॉर्डिंग लाइव' एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म है। इसमें अवशी ठाकुर और रौनक चंदन लीड रोल में हैं। कहानी एक प्रोफेसर से शुरू होती है, जिसे एक पुरानी रिसर्च थ्योरी '18 हार्टबीट्स' मिलती है। यह दो पूर्व छात्रों के बीच एक भूली हुई प्रेम कहानी को फिर से जिंदा कर देती है।

**खबर संक्षेप**

## अखंड नवधा रामायण मानस गायन का हुआ समापन



**मालखरौदा।** ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम चरौदी में लगातार 23 वा वर्ष अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया गया था, जहां 30 अक्तूबर को सहसधारा स्नान के साथ नवधा रामायण का समापन हुआ। नौ दिनों से श्री रामचंद्र भगवान की भक्ति मय कार्यक्रम भजन, कथा मानस गायन किया गया। वही मानस गायन करने वाले कलाकारों प्रवचन करता , अच्छे से तबला वाद्य यंत्र बजाने वाले को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें प्रथम पुरुस्कार के रूप 11000 रुपया ग्राम कनकबिरा को राजा बोर्ड बंदोरा द्वारा प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 7500रूपये ग्राम दर्राभाटा को श्रीमती रामकुमारी धीरहे जनपद सदस्य द्वारा प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार 5100 रायगढ़ को नरसिंग यादव द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। चतुर्थ पुरस्कार 4100 रुपए ग्राम पाड़ाहरदी को राजू साहू अध्यक्ष सरपंच संघ द्वारा प्रदान किया गया। पांचवा पुरस्कार 3100रुपए ग्राम सेरो को लालू वर्मा सरपंच बंदोरा द्वारा प्रदान किया गया। छठवां पुरस्कार 2001रुपए ग्राम लोडहाझर को विजय धिरहे महामंत्री भाजपा मंडल अड़भार द्वारा प्रदान किया गया। सातवां पुरस्कार 1100रुपए ग्राम पंढरमुडा को टीकम साहू , तेरस यादव द्वारा प्रदान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत चरौदी के सरपंच श्रीमती चमेली शंकर साहू , सुरेश यादव, डबील यादव , शैल कुमार यादव , गंगा साहू, ईश्वरी साहू ,ईश्वरी बरेठ, राजा यादव, मिलन केवट , मुरली बरेठ, समय दास महंत और समस्त ग्राम वासी का योगदान रहा।

## तहसील अधिवक्ता संगठन के शिव अध्यक्ष, जितेन्द्र बने सचिव





**बाराद्वार।** तहसील अधिवक्ता संगठन के सीनियर एडवोकेट शिव शर्मा अध्यक्ष एवं जितेन्द्र झलारिया सचिव बनाये गए हैं। इसी तरह अन्य पदों की जिम्मेदारी भी बांटी गई है। पिछले दिनों तहसील कार्यालय के सभा कक्ष में नियमित प्रैक्टिसनर अधिवक्ताओ ने एक बैठक आहूत कर तहसील अधिवक्ता संगठन का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से सीनियर एडवोकेट शिव शर्मा को अध्यक्ष एवं अधिवक्ता जितेन्द्र झलारिया को सचिव बनाया गया। संरक्षक की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ता लखन प्रधान एवं एडवोकेट विजय मौर्य को दी गई। उपाध्यक्ष अधिवक्ता सुरजीत पटेल एवं कोषाध्यक्ष नोटरी अधिकारी दिनेश राठौर को चुना गया। कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में एडवोकेट आशाराम कांत , ठाकुरदास महंत , ओमप्रकाश कुर्रे , हीरालाल पाटले , अर्जुन साहू , देव प्रसाद साहू एवं अधिवक्ता प्रकाश कुमार वर्मा को शामिल किया गया।

## उचित मूल्य दुकानो में आयुष्मान कार्ड बनाने महाभियान का होगा आयोजन

**सक्ती।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर 5 नवम्बर को घोषित कार्यालयीन आदेश को संशोधित कर 6 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक सभी छुटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड व वय वंदना कार्ड बनाने हेतु महाभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हांकित पीडीएस उचित राशन दुकानो में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान कार्ड बनेगा, जिसके लिए शिविर स्थलों पर आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाईल नंबर साथ लेकर आना होगा । जिससे सत्यापित कर कार्ड बनाया जा सकेगा। शिविर में 70+ वरिष्ठ नागरिकों का वय वंदना कार्ड भी बनाया जायेगा जिसके लिए आधार कार्ड में उम्र 70 वर्ष होना अनिवार्य है एवं जो पूर्व में सामान्य आयुष्मान कार्ड बनवा चुके है। उनको भी 70 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त दोबारा केवाईसी कराना होगा। जिससे 5 लाख तक का अतिरिक्त लाभ मिल सकेगा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा अपील किया गया है कि इस महाअभियान में अधिक से अधिक जिलेवासी सम्मिलित होकर आयुष्मान कार्ड एवं 70+ वय वंदना कार्ड बनवाकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

## राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए लक्ष्मी का चयन



**अकलतरा।** राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा विज्ञान क्लब के कक्षा 11वीं गणित संकाय के छात्र लक्ष्मी नारायण रात्रे का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हुआ है। 30 अक्टूबर को बिलासपुर में संभाग स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तर से चयनित शाला के चार छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इसमें विज्ञान क्विज में उदय नारायण मैती कक्षा 11 वीं एवं गौरव वैष्णव कक्षा 12वी , प्रादर्श मनोरंजक गणितीय प्रारूप में किरण निर्मलकर कक्षा 11वीं एवं हरित ऊर्जा में वॉयरलैस पावर ट्रांसफर सिस्टम में लक्ष्मीनारायण रात्रे 11 वीं ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। लक्ष्मीनारायण नवंबर माह में रायपुर में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में वे बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उपलब्धि छात्र ने शिक्षक जी पी देवांगन के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, पंकज दोषी, स्वप्निल जैन , विकास केडिया, शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा व आर के पांडेय ने उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### उत्साह एवं उल्लास के साथ जनप्रतिनिधि, बच्चे, युवा, खिलाड़ियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों ने लगाई दौड़

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री, भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार 31 अक्टूबर को नेताजी चौक जांजगीर से कचहरी चौक होते हुए लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ।

इस दौरान विधायक ब्यास कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीयों, एनएसएस, एसीसी, छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिकों ने रन फॉर यूनिटी में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, अमर सुलतानिया, रमेश पैगवार, अन्य जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राए सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उत्साह एवं उल्लास के साथ जनप्रतिनिधिगण, बच्चे, युवा, खिलाडियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, नागरिकों ने दौड़ लगाई। इस दौरान लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल उद्यान में विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, एसपी एवं जनप्रतिनिधियों ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। देश के एकीकरण, एकता एवं अखंडता तथा विकास के लिए उनके योगदान का स्मरण किया गया। इसके साथ ही राष्ट्र की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए सभी ने शपथ ली।



राष्ट्र की सुरक्षा, एकता एवं अखंडता की शपथ लेते जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं अन्य।

## 11वाहिनी पुटपुरा में राष्ट्र की एकता को बनाए रखने लिया संकल्प



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 11वीं वाहिनी छसबल पुटपुरा परिसर में शुक्रवार 31 अक्टूबर को सेनानी विमल कुमार बैस के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता दिवस रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में वाहिनी के सहायक सेनानी अजयदान मिंज, कंपनी कमाण्डर मीनाराम, सूबेदार मेजर अनूप सिंह, वाहिनी के समस्त पुलिस जवानो एवं ग्राम पुटपुरा के सरपंच, उप सरपंच तथा समाज के ग्रामीणों द्वारा राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने का संकल्प लेते हुए एकता दौड़ कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

## स्वतंत्रता संग्राम में पटेल ने निभाई अग्रणी भूमिका



मैराथन दौड़ में शामिल सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 31 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई। सरदार पटेल के प्रतिमा पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल द्वारा तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा के उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पटेल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित की तथा सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहे के नारे लगाए गए।

कार्यक्रम के संयोजक रंजीत अजगल्ले, सह संयोजक भवानी तिवारी,मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं स्कूल के बच्चे भी बड़ी संख्या में एकता दौड़ में भाग लेने के लिए सुबह से ही एकत्रीकरण स्थल बुधवारी बाजार अटल परिसर के पास इकट्ठा होने लगे थे। उपस्थित जन समूह स्कूली बच्चों ने भी क्रमशः सरदार वल्लभभाई पटेल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं उनके जयंती के अवसर पर उनको याद किया। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला एवं कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नडियाद में हुआ। सरदार पटेल एक स्वतंत्रता सेनानी, अधिवक्ता एवं राजनेता थे उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई वे भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री रहे वे सभी देशवासियों को एक साथ मिलजुलकर एक होकर रहने प्रेरित किया एवं देश के भिन्न राज्य को एक कर एकता की ताकत बताई अपने दृढ़ संकल्प, अडिग इच्छाशक्ति और नेतृत्व के प्रति सैद्धांतिक दृष्टिकोण के कारण 'भारत के लौह पुरुष' की उपाधि अर्जित की। अपने पूरे राजनीतिक जीवन में, पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता के बाद के शासन दोनों की चुनौतीपूर्ण मांगों को पूरा करने प्रतिबद्धता दिखाई। पुलिस के जवानों, शिक्षक साथियों द्वारा समूह में एकत्र होकर मैराथन दौड़ में भाग लिया। यह एकता दौड़ बुधवारी बाजार अटल परिसर से गौरव पथ होते हुए समापन स्थल अग्रसेन चौक पहुंची जिसमें प्रमुख रूप से सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े इस एकता दौड़ में शामिल हुई। इस दौड़ में शासकीय आत्मानंद स्कूल के छात्र, छात्राए,अनुनय स्कूल के छात्र, छात्राएं, स्कूल के शिक्षिक, शिक्षिकाए, पुलिस विभाग के कर्मचारी, शिक्षा विभाग के कर्मचारी दौड़ में शामिल हुए। इस मैराथन दौड़ में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, रंजीत अजगल्ले, भवानी तिवारी, धनंजय नामदेव राजेंद्र राठौर, अनिता सिंह, रामनरेश यादव, अभिषेक शर्मा, विनोद पांडे, दादू केवट, संजय अग्रवाल, गोविंद देवांगन, गोविंदा निराला, नटवर सिंह, पिंटू सिंघल, लाखन नामदेव, देवाशीष पटेल, विजय जायसवाल, कमल अग्रवाल सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम



**चांपा।** देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में थाना चांपा द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में परशुराम चौक में आयोजित किया गया। सुबह 7 बजे भगवान परशुराम चौक से एकता दौड़ शुरू हुआ, जो कि गौरव पथ से होते हुए वापस परशुराम चौक पहुंची। एकता दौड़ में समाज के सभी वर्ग डाक्टर, पत्रकार, राजनेता, समाज सेवी , व्यापारी , छात्र छात्राओं सहित आमजन बढ़ चढ़कर शामिल हुए। दौड़ के दौरान भारत माता की जय, वन्दे मातरम् जैसे नारे लगाते रहें। नगर के सभी वर्ग के लोग शामिल होकर भारत की एकता अखंडता संप्रभुता का प्रदर्शित किया गया। लौह पुरुष ने रखी थी अखंड भारत की नींव : एस पी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश के प्रथम गृह मंत्री थे जिन्होंने देश की एकता, अखंडता व सम्प्रभुता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा अलग अलग रियासतों को भारतीय संघ में विलय कर अखण्ड भारत की नींव रखी। उपस्थित सभी ने देश की एकता अखंडता को बनाए रखने शपथ ली। कार्यक्रम का समापन नगरपालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने आभार के साथ किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आयोजन में प्रमुख रूप से डाक्टर जी के नायक, पुरुषोत्तम शर्मा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष संतोष थवाईत, समाज सेवी विनोद तिवारी, नंदकुमार देवांगन , कुलवंत सिंह जब्बल, थानाप्रभारी जे पी गुप्ता सहित पुलिस स्टाफ व काफी संख्या में गणमान्य नागरिक गण शामिल हुए।

# आधुनिक भारत के निर्माता एवं शिल्पी हैं सरदार पटेल : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

- लौह पुरूष सरदार पटेल की प्रतिमा का 150वीं जयंती के अवसर पर हुआ अनावरण



सरदार वल्लभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण करते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक एवं उपस्थित समाज के लोग।

भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार को दोपहर 12 बजे उनकी 150 वीं जयंती के अवसर पर चंडीपारा के टिगड्डा में किया गया। सर्व कुर्मी समाज द्वारा स्थापित इस मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यास कश्यप विधायक जांजगीर-चाम्पा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिमा दीपक कश्यप अध्यक्ष नगर पंचायत राहोद, श्रीमती ज्योति किशन कश्यप सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती शांति घासीराम कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, गयाराम चंदेल उपाध्यक्ष नगर पंचायत राहोद उपस्थित थे।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना कर प्रतिमा का अनावरण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धरम लाल कौशिक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत के निर्माता एवं शिल्पी थे, आजादी के पूर्व एवं उसके बाद भी राष्ट्र के आंदोलन एवं उसके निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता। देश के उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में छोटे छोटे रियासतों को एक करके मुख्यधारा में लाने का काम उन्होंने किया। आज भारत के मानचित्र का स्वरूप जो दिखाई देता है यह उन्ही की देन है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिभा अनावरण की बधाई देता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि नौजवान जागते है तो सवेरा होता है। 25 वर्ष का संकल्प आज पूरा हुआ है। समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा लिया गया संकल्प आज नौजवानों ने पूरा किया है। आज समाज कई फिरकों में बटा हुआ है। सभी कुर्मी है ,राजनीति में भी हमारी संख्या बढे इसके लिए एकजुट होना है। कार्यक्रम के अंत मे प्रतिमा स्थापना का संकल्प लेने वालों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उदल कश्यप एवं आभार प्रदर्शन महेन्द्र कश्यप ने किया। इस अवसर पर सर्व कुर्मी समाज के रामप्रसाद कुर्मी, सुरेंद्र कश्यप, उदल कश्यप, महेन्द्र कश्यप,राजाराम कश्यप, मुकेश कश्यप, देवेश कश्यप, पुरुषोत्तम कौशिक, डॉ हेमंत कश्यप, गुहराम कश्यप, राजकुमार कौशिक, प्रभात कश्यप, रामकृष्ण कश्यप, खगेन्द्र कश्यप, चिंताराम कश्यप, गोविंद कश्यप, भरतलाल कश्यप, शत्रुघ्न सिंगसर्वा, कोमल सिंगासर्वा, मनीष सिंगासर्वा, विष्णु कश्यप,ओंकार रायसागर, कौशल कश्यप, साखीराम कश्यप, संतोष कश्यप, देवीप्रसाद कौशिक किशोरी कश्यप, दिनेश कश्यप, जगेसर कश्यप, गजानन्द कश्यप, रामलाल कश्यप, रामपुकार कश्यप, तीज राम कश्यप, रामकीर्तन कश्यप, रुमेश वर्मा,मोतीलाल कश्यप, अशोक कश्यप फिरतराम कश्यप,रमेश कश्यप, दिलिप कश्यप, मालिक राम कश्यप, घनश्याम कश्यप, पूनी बाई वर्मा,भारती कश्यप शारदा कश्यप, गुलाब सिंह चंदेल, दुर्गेश्वर तिवारी, लव तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे ।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सजी छात्राएं।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। किसी भी राज्य के लिए महत्वपूर्ण दिन होता है, उसका स्थापना दिवस, जो कि आज से 25 वर्ष पूर्व 1 नवंबर 2000 को मध्यप्रदेश से विभाजित होकर छत्तीसगढ़ क्षेत्र को स्वतंत्र राज्य का दर्जा मिला था। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित प्रश्न मंच, विशेष जानकारियां, भाषण, विचार तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनाद्या तरूण (कक्षा छठवीं) ने छत्तीसगढ़ राज्य गीत का सुमधुर गायन कर, सबका मन मोह लिया। वहीं छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कर्मा नृत्य - अनन्या केडिया, आन्या अग्रवाल, आरोही पांडेय,हर्षिता खांडेकर, हर्षिता कुर्रे, आद्या सोनी एवं शांभवी साहू के द्वारा उम्दा प्रदर्शन किया गया।

प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा नाम से पुकारा जाता है। जिससे सिद्ध होता है कि यह राज्य धन-धान्य से समृद्ध राज्य है। यहां तक कि धरती के भू भाग में बहुमूल्य खनिज पदार्थ उपलब्ध हैं। जिसका उपार्जन करने से राज्य के राजस्व को मजबूती मिलती है। यहां के निवासी सीधे सादे, शांतिप्रिय और कर्मठ हैं। प्राचीन काल में इसे महाकौशल के नाम से जाना जाता था। वेद और पुराणों के कथनानुसार भगवान श्री राम की माता कौशल्या यहां की राजकुमारी थी। अतः इस राज्य को श्री राम जी का ननिहाल होने का गौरव प्राप्त है। यहां की भाषा, साहित्य, त्यौहार, संगीत, गीत एवं नृत्य बड़ा ही आकर्षक एवं मनोहारी है। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत राज्य गीत एवं कर्मा नृत्य अभिभूत कर देने वाला और मर्मस्पर्शी रहा। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा,प्रशासक श्री विपिन गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए।

## श्याम कार्तिक महोत्सव में भवानी जागरण टीम की प्रस्तुति आज

**जांजगीर।** समीपस्थ ग्राम बोड़सरा इन दिनों भक्ति और सांस्कृतिक रंगों में सराबोर है। 27 अक्टूबर से आरंभ हुआ श्याम कार्तिक महोत्सव लगातार उत्साह और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ रहा है। महोत्सव की श्रृंखला में 1 नवंबर की रात्रि मां भवानी जागरण टीम की भव्य प्रस्तुति होगी। अश्वनी साहू और उनकी टीम अपने सुरों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। जागरण के दौरान आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। 2 नवंबर को पंडवानी गायिका दुजन बाई अपनी प्रस्तुति से समां बांधेंगी। वहीं 3 नवंबर को प्रदेश के ख्यातिलब्ध कवी अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अक्टूबर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 11 दिन | 4.00 | 44.00 |
| 18 दिन | 5.00 | 90.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 134.00 |

कृपया पाठकगण माह अक्टूबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 नवंबर 2025 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- बायपास सर्जरी
- वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी
डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल , 01 मई, 04 मई, 07 मई, 11 मई, 14 मई, 18 मई,
21 मई, 25 मई, 28 मई, 01 जून, 04 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 30,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/- , 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)